# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 24 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 185 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# इंदौर : MTH अस्पताल में सिर से जुड़े जुड़वां बच्चों का जन्म

# व्यवस्था पर उठे सवाल

## गंभीर गर्भावस्था के बावजूद अल्ट्रासाउंड में नहीं दिखी जटिलता, जांच तंत्र की लापरवाही उजागर?



राजेश धाकड़

इंदौर। शहर के एमटीएच अस्पताल में मंगलवार को एक दुर्लभ और अत्यंत जटिल मामले में सिर से जुड़े जुड़वां बच्चों का जन्म हुआ। 22 वर्षीय रुसा बाई पति वीर सिंह भिलाला को प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) निलेश दलाल की यूनिट में आपातकालीन स्थिति में भर्ती किया गया था। डॉक्टरों की टीम ने तत्काल सीजेरियन डिलीवरी की प्रक्रिया अपनाई और ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया। जन्म लेने वाले दोनों नवजात एक-दूसरे से सिर से जुड़े हुए हैं। फिलहाल दोनों को एमटीएच अस्पताल की सीएनसीयू (नवजात गहन देखरेख इकाई) में शिशु रोग विशेषज्ञों की निगरानी में रखा गया है। हालांकि, इस दुर्लभ जन्म के साथ ही चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, महिला की गर्भावस्था जटिल श्रेणी में थी और वह नियमित रूप से जांच के लिए अस्पताल आती रही थी। ऐसे में सिर से जुड़वां बच्चों की जानकारी समय रहते न मिल पाना डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य अल्ट्रासाउंड जांचों में ऐसे मामलों का पता चल जाना चाहिए, जिससे पहले से तैयारी की जा सके। अब प्रशासनिक स्तर पर जांच की मांग भी उठ सकती है कि इस गंभीर त्रुटि की जिम्मेदारी किसकी थी। फिलहाल, डॉक्टरों की टीम नवजातों की स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है और आगे की चिकित्सकीय प्रक्रिया के लिए उच्च स्तरीय परामर्श लिया जा रहा है।

# इंदौर से दिल्ली, जयपुर और अहमदाबाद के लिए नमो वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की मांग, रेल मंत्री से सांसद शंकर लालवानी की अहम मुलाकात



अनिल चौधरी

मो.99264-22717

इंदौर। सांसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इंदौर और आसपास के इलाकों के रेल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सांसद लालवानी ने इंदौर से दिल्ली, जयपुर और अहमदाबाद के लिए 'नमो वंदे भारत' स्लीपर ट्रेन चलाने की मांग की और कहा कि इन तीनों शहरों से इंदौर का सीधा और तेज रेल संपर्क, व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के लिहाज से बेहद जरूरी है। बैठक में सांसद लालवानी ने इंदौर-मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट के काम में तेजी लाने, इंदौर शहर के केसरबाग रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के काम को जल्द शुरू कराने, और सांवेर के चंद्रावतीगंज में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही, सांसद शंकर लालवानी ने गौतमपुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को जल्द स्वीकृति देने की मांग भी की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी मांगों को तुरंत संज्ञान में लिया और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## संसद के मानसून सत्र के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सहयोगियों और अन्य अन्य सांसदों के साथ दिल्ली की एक मस्जिद में कथित तौर पर बैठक की



अब इस बैठक पर सियासत शुरू हो गई है. उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस बैठक पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने आरोप लगाया कि सपा का चरित्र हमेशा से हिन्दू विरोधी रहा है.यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा - मौलाना अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति करती है. मस्जिद में मौलाना के साथ बैठ कर दिखने की कोशिश करते है कि वो मुसलमानों के साथ है।

# भोई समाज के 12 मंचों से हुआ कावड़ यात्रियों का भव्य स्वागत



**इंदौर**। निषाद वंशीय भोई कर माझी समाज वार्ड 58 में भव्य कावड़ यात्रा बाणेश्वरी का समाज के 12 छोटे-बड़े मंचो से हुआ भव्य स्वागत। समाज के राजेश गोंड अखाड़ा खलीफा बक्शी बाग गेट मंच से शुद्ध दूध खीर का वितरण किया गया अन्य मंचों से फल फूल केले का वितरण हुआ। समाज के अध्यक्ष गणेश प्रसाद रायकवार हेमा दादा कश्यप राजेंद्र मालवीय भाजपा नेत्री एकता बाथम आनंद रायकवार विनोद मनोज बबलू रितेश वर्मा सुनील वर्मा मुकेश आईया मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सोलंकी वार्ड दायित्व सनी चौहान और सामाजिक कार्यकर्ता सेलू रायकवार ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अतिथि सनातनी विधायक गोलू शुक्ला का सभी 12 मंचों से जोरदार धुआंधार स्वागत वंदन हुआ।

खुशबू श्रीवास्तव





नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा नशा मुक्ति एवम जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 23/07/25 को चिड़ियाघर इंदौर के परिसर ने जनजागृति एवं नशा मुक्ती हेतु हस्ताक्षर अभियान किया गया जिसमे छात्रों एवं आगंतुक नागरिको को ड्रग्स एवं अन्य नशो से होने वाली बीमारियों जैसे केंसर,दमा एवं अन्य दुष्प्रभावों से बचने की समझाइश दी गई और नशामुक्ति हेतु नारकोटिक्स विंग द्वारा निःशुल्क परामर्श व इलाज की सुविधा की जानकारी दी गई । बताया की आपके आस पास क़ोई नशे का आदि है तो उसे निशुल्क रिहेब की सुविधा भी उपलब्ध करवाएंगे एवं युवावर्ग से हस्ताक्षर भी लिए गए। उक्त कार्यक्रम मे उप पुलिस अधीक्षक प्रीति तिवारी,निरी ज्योत्स्ना यादव, निरी हरीश सोलंकी,प्र आर ओम, प्र आर पंकज,आर प्रदीप पाल आर अमित का योगदान रहा। करीब 200 आमजन ने लाभ लिया।

# दुष्प्रचार पर एक विचार गोष्ठी आयोजित



संस्था वंदे मातरम के के अध्यक्ष स्वप्निल तायड़े ने बताया कि आज दोपहर 3:00 बजे रावजी बाजार थाना प्रभारी उमेश यादव के मार्गदर्शन में जबरन कॉलोनी बुद्धि विहार में नशे के दुष्प्रचार पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सभी लोगों ने सभी तरह का नशा युवाओं से छोड़ने का आह्वान किया है यह अभियान पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश द्वारा संपूर्ण प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसके तहत आज रावजी बाजार थाना के अंतर्गत जबरन कॉलोनी में यह अभियान चलाया गया संस्था अध्यक्ष स्वप्निल तायड़े ने बताया कि संपूर्ण इंदौर में यह अभियान संस्था चलाएगी और युवाओं को जागृत करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पांडुरंग वाकोडे शारदा टिकुलिया चेतन चंद्रावत रोशन चंद्रावत विक्रम चौहान प्रदीप खोपराव संगीता चौहान रिजवान भारती नितिन धानुक छोटू कनेल साहिल भोसले राकेश रावत जितेंद्र वानखेडे डॉक्टर अभिजीत तायडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मदनलाल सोलंकी युवा अध्यक्ष मनोनीत हुए



अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा (म.प्र.)

A B K S M

Ref. No. 000114 Date 06/07/2025

नियुक्ती पत्र

श्री मदनलाल जी S/O खेमा जी सोलंकी इंदौर

06/07/2025

युवा जिला अध्यक्ष

राजेश मारू

इंदौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मारू ने युवा सामाजिक कार्यकर्ता और गरीबों की हर संभव मदद करने वाले मदनलाल सोलंकी को महासभा का युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मदनलाल सोलंकी को प्रसिद्ध भजन गायक बाबू राजोरिया सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

पीएम मोदी अपने 2 दिवसीय ब्रिटेन दौरे पर लंदन पहुंच गए हैं। इस दौरान उनका भारतीय समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया.पीएम मोदी अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार पत्र पर समझौता कर सकते हैं





# थाना खजराना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 10 वाहन बरामद

राजेश धाकड़

इंदौर।थाना खजराना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 चोरी की बाइकें विधिवत रूप से जप्त की हैं। आरोपियों की पहचान शाहिद उर्फ बबलू (35) एवं अमजद (49), दोनों निवासी खजराना, के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर जोन-2 डीसीपी हंसराज सिंह, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह, एसीपी कुंदन मंडलोई एवं निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

घटना का खुलासा

दिनांक 26 जून को फरियादी सुखदेव काजले की बाइक खजराना क्षेत्र से चोरी हो गई थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को एमआर-10 स्थित सुनसान स्थान से धरदबोचा गया। पूछताछ



में आरोपियों ने चोरी की कुल 10 बाइकें छिपाकर रखने की जानकारी दी, जिन्हें जब्त कर लिया गया।

जब्त वाहन इस प्रकार हैं:

HF डीलक्स – MP09VM7750, स्प्लेंडर प्लस MP41MH4427,स्प्लेंडर प्लस – MP41NK1322,पैशन एक्स प्रो – MP09NY5288,HF डीलक्स –MP09QE1014HF डीलक्स – MP09VK3289,रॉयल एनफील्ड बुलेट – MP09VW4585, पैशन – MP09DF1346 पैशन – MP41NF9585, स्प्लेंडर प्लस – MP07MH5770

अपराधिक पृष्ठभूमिः आरोपी अमजद पर 17 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट शामिल हैं। वहीं शाहिद पर भी 2017 में जुए के केस में कार्रवाई हो चुकी है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाएं करते थे। दोनों से आगे की पूछताछ पुलिस रिमांड पर जारी है ताकि अन्य वारदातों की भी जानकारी मिल सके। सफल कार्रवाई में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उनि. अनिल गौतम, सउनि. खेमराज जाटव, प्रआर. मोहन पाटीदार सहित टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## पुरूस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे एमडीएच विद्यालय में ग्रीनडे प्रतियोगिता के विजेताओं को बैंक प्रबंधक ने किया पुरूस्कृत





झाबुआ : राजेश सोनी

एमडीएच विद्यालय बामनिया में नर्सरी से कक्षा 5 वीं तक के नन्हें बच्चों के लिए ग्रीनडे दिवस मनाया गया, जिसमें पर्यावरण से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



की गई। प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थानों पर बच्चों के साथ ही सभी बच्चों को बैंक ऑफ बडौदा के प्रबंधक अलाम खान द्वारा प्रशंसा पत्र मेडल एवं स्कूली सामग्री भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया।

पुरूस्कार वितरण आयोजन में मुख्य अतिथि बैंक प्रबंधक अलाम खान, श्रीमती खान , जिला पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष राजेश सोनी, संस्था प्राचार्य स्मिता शर्मा , आचार्य धर्मवीर शास्त्रीय ,कूकालाल बरवाड, दीपिका , दीक्षिका गेहलोत, सुरभि बजाज, दीप्ति सेमुअल, किरण मेम, सरिता पाल, प्रवीण मालवीय, माधुरी जायसवाल, निलेश पाटीदार, कनिष्का पाटीदार, नयन शर्मा, मनीप बकडे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर आयोजन की शुरूआत की गई।अतिथियों का स्वागत संस्था प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा किया गया। प्रतियोगिता नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी विधाओं में भाग लिया एवं विभिन्न विधाओं में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विधार्थियो को प्रशंसा पत्र, मेडल एवं स्कूली सामग्री भेंट की गई। नर्सरी से कक्षा 5 वीं तक के समस्त बच्चों को बैंक प्रबंधक अलाम खान द्वारा लंच बॉक्स, पेंटिंग कलरबॉक्स, पेन सेट आदि स्कूली सामग्री प्रदान की गई। अपने उद्बोधन में बैंक प्रबंधक खान ने नन्हें बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं दी साथ सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी बताया।मिडियाकर्मी राजेश सोनी ने बताया कि शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करने वाली संस्था की प्रशंसा की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संस्था प्राचार्य श्रीमती स्मिताशर्मा ने विघालय के नन्हे विद्यार्थियों की उल्लेखनीय गतिविधियों को बताते हुए संस्था द्वारा बेहतर शिक्षा एवं संस्कारों के संकल्प को दोहराया। शिक्षिका दीक्षिका गेहलोत द्वारा भी उदबोधन में नन्हे विघार्थियों को शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनीष बकडे ने किया, आभार प्रदर्शन आचार्य धर्मवीर शास्त्रीय द्वारा व्यक्त किया गया ।

## समाज सेवी राजेश जी जिंदल का जन्म दिवस पर पत्रकार संघ ने बधाई दी





**वरिष्ठ समाज सेवी रोटेरियन राजेश जिंदल जी को उनके 64 वे जन्म दिवस पर सिद्धि विनायक मंदिर पर बधाई दी पत्रकार संघ के सचिव राजा चौहान उपाध्यक्ष साजिद अली कुरैशी अशोक दीक्षित संजय वर्मा,सोनू सौदागर, कमलकांत भलेवाडीकर, रवि धीमान इस अवसर पर उपस्थित थे आप पंजाब नेशनल बैंक के रिटायर्ड अधिकारी है। आप बहुमुखी प्रतिभा के धनी है सहज,सरल मद्रुभाषी हे आप कुशल कार्यक्रम संचालक है आप पत्रकार संघ से जुड़े है सभी संघ के साथी आपके निरोगी सुखमय स्वस्थ जीवन की ईश्वर प्रार्थना करते है।**

लाठी-डंडों और तलवार से हमला, एक को 12 टांके आए

# पुराने मकान को लेकर रिश्तेदारों में मारपीट; रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी



शिवपुरी क्षेत्र में पुराने मकान के विवाद को लेकर मंगलवार को शहर के पुरानी जमकर बवाल हो गया। यहां एक ही परिवार के रिश्तेदारों ने लाठी-डंडों और तलवार से हमला कर दिया। इस हमले में फरियादी तारिक मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके पैर में तलवार लगने से 12 टांके आए हैं। वहीं उनके भाई और भतीजे को भी गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक तारिक मोहम्मद पुत्र स्व. हाजी ताज मोहम्मद (54), निवासी पायगा मस्जिद के सामने इमामबाड़ा, पुरानी शिवपुरी, मंगलवार सुबह 9 बजे पड़ोसी के घर शोक संवेदना प्रकट करने जा रहे थे। जैसे ही वह शब्बीर पठान के मकान के सामने पहुंचे, तभी उनके रिश्तेदार जावेद अहमद और सहनाज बेगम ने पुराने कमरे के विवाद को लेकर अभद्रता की। जब तारिक मोहम्मद ने इसका विरोध किया तो सहनाज बेगम ने उनके बाएं पैर पर लाठी से हमला किया। इसके बाद जावेद ने तलवार से हमला कर दिया। शोर सुनकर तारिक का भाई मोहतसिम मोहम्मद और भतीजा रासिक मोहम्मद मौके पर पहुंचे। तभी पीछे से आरोपी सलीम अहमद और अबू हुरैरा लाठियां लेकर आ गए और मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान मोहल्ले के आसिफ खान और काजी फरहत ने बीचबचाव कर झगड़ा शांत करने की कोशिश की। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि यदि थाने में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे।

घटना की शिकायत देहात थाना पुलिस को की गई, जहां पुलिस ने चारों आरोपी जावेद अहमद, सहनाज बेगम, सलीम अहमद और अबू हुरैरा के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# 26 जुलाई, 2025 से पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन

## सप्ताह में प्रति शनिवार व रविवार को चलेगी यात्री देख सकेंगे प्रकृति के नज़ारे

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुए पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन शुरू की जा रही है। यह ट्रेन 26 जुलाई, 2025 से प्रति शनिवार एवं रविवार को चलेगी।

ट्रेन संख्या 52965 पातालपानी - कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन 11.05 बजे पातालपानी से चलकर 13.05 बजे कालाकुंड पहुँचेगी तथा वापसी में ट्रेन संख्या 52966 कालाकुंड - पातालपानी हेरिटेज ट्रेन कालाकुंड से 15.34 बजे चलकर 16.30 बजे पातालपानी पहुँचेगी। इस ट्रेन में दो एसी चेयरकार C1 व C2 एवं तीन नॉन एसी चेयर कार D1 , D2 व D3 रहेंगे। इस हेरिटेज ट्रेन में आने-जाने के लिए अलग-अलग टिकट लेना होगा। इस ट्रेन के एक दिशा के लिए एसी चेयर कार का किराया रु 265/- एवं नॉन एसी चेयर कार का किराया रू 20/- प्रति टिकट प्रति व्यक्ति रहेगा ।

ट्रेन संख्या- 52965/52966 पातालपानी- कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन की बुकिंग 24 जुलाई, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कृपयाwww.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# स्पंदन ( चैतन्य लहरियां ) साक्षात् ओंकार का प्रणव अर्थात् समग्र रूप हैं : श्री माताजी



भारतीय परंपरा के अनुसार हम अपने बड़ों का चरण स्पर्श करके अथवा प्रणाम करके अभिवादन करते हैं तो बड़े अपने हाथों को हमारे सर पर रख कर या दूर से ही अपना हाथ उठाकर हमें आशीर्वाद करते हैं गुरु और शिष्य के मध्य भी ऐसा ही होता है। पर क्या हाथ उठाने से आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है और होता है तो किस रूप में होता है ? वास्तव में हम सभी से एक ऊर्जा प्रतिपल प्रवाहित होती रहती है जो कि विकिरण के रूप में होती है। जो व्यक्ति जिस प्रवृत्ति का होता है वह उसी प्रकार की ऊर्जा का संचार करता है। यही स्पंदन आशीर्वाद या श्राप के रूप में हमें प्राप्त होते हैं। सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् हम जान पाते हैं कि परमात्मा का चैतन्य हमारे चारों ओर चैतन्य लहरी के रूप में सदैव विद्यमान रहता है।

आदिशक्ति श्रीमाताजी निर्मला देवी के अनुसार, प्रकृति में सभी जीवंत कार्य वाइब्रेशन अर्थात् तरंग के माध्यम से ही होते हैं जैसे सूर्य के प्रकाश का पृथ्वी तक पहुंचना, नाद अर्थात आवाज का हमारे कानों तक पहुंचना हवा का चलना इत्यादि। इसके अतिरिक्त भी आप अनेक भावों के नकारात्मक या सकारात्मक प्रभाव को तरंगों के माध्यम से अनुभव करते हैं जैसे प्रेम, नफरत, क्रोध, करुणा इत्यादि परंतु सूक्ष्मता के ज्ञान के बिना आप इन तरंगों को पूर्ण रूप से नहीं समझ पाते। कुंडलिनी जागरण तथा आत्म साक्षात्कार के पश्चात चैतन्य लहरियां प्रकाश की तरह बहने लगती हैं, और उनके प्रकाश में आप देख सकते हैं कि अच्छी चीज क्या है? और बुरी चीज क्या है? जब आप इन चैतन्य लहरियों का सच्चा ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। जो कि श्रीमाताजी के आशीर्वाद से ही संभव हैं तो वाइब्रेशंस के द्वारा आप परम चैतन्य की कार्य प्रणाली का माध्यम बन जाते हैं तब आपके द्वारा अनेक रोगों का उपचार किया जा सकता है, अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है तथा अन्य अनेक लोगों की कुंडलिनी जागृत की जा सकती है, परंतु यह सब तभी संभव है जब आप स्वयं आत्म साक्षात्कारी हो जाते हैं तथा स्वयं के सच्चे गुरु बन जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं

## सोशल मीडिया पर नकली पिस्टल के माध्यम से लोगो में दहशत फैलाने वाले को पकडने में द्वारकापुरी पुलिस को मिली बडी सफलता

इंदौर । द्वारकापुरी पुलिस की तत्परता से सोशल मीडिया पर नकली पिस्टल लहराकर लोगो में भय उत्तपन्न करने वाले को पकडा । आज दिनांक 23.07.2025 को सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी द्वारा सोशल मीडिया पर भय दिखाकर लोगो में दहशत फैलाने वालो पर निगरानी रखने हेतु थाना प्रभारी सुशील पटेल थाना द्वारकापुरी को निर्देशित किया गया जिसके तारतम्य में थाने पर मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति बीएसएनएल आफिस के पीछे विवाद कर रहा है एवं पिस्टल जैसा सिगरेट जलाने का लाईटर दिखाकर भय उत्तपन्न कर लोगो में दहशत फैला रहा है । सूचना को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी सुशील पटेल द्वारा पुलिस टीम भेजकर उक्त व्यक्ति को पकडा जिसने अपना नाम पियुष पिता श्रीराम शर्मा निवासी 1060 स्कीम न 71 का होना बताया उक्त व्यक्ति से पिस्टल के बारे में पूछते उसने बताया इंसटाग्राम पर रील बनाकर आसपास के लोगो को डराने के लिये पिस्टल नुमा एक लाईटर जेल रोड से खरीदना बताया । बाद आरोपी को पकडकर धारा 170,126,135(3) BNSS के तहत कार्यवाही कर एसीपी कोर्ट अन्नपूर्णा पेश किया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुशील पटेल, प्र.आर. 1659 दिनदयाल शर्मा, आर. 2057 अनुप धाकड, आर. 1127 अरुण, आर. 3808 शिवकुमार त्यागी, आर. 3713 अनुराग सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सायबर अपराधियो द्वारा सीहोर निवासी देवेन्द्र कुमार परमार का करंट खाता खुलवाकर किराये पर लेकर खाते में कुल 91,08,991/- रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया ।आरोपीगण गिरफ्तार होकर जेल दाखिल

इंदौर राज्य सायबर पुलिस जोन इन्दौर द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए.सांई मनोहर के निर्देश पर एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, यूसुफ कुरैशी के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक सायबर जोन इन्दौर सव्यसाची सराफ के मार्गनिर्देशन में सायबर अपराधियो के विरुद्ध न केवल लगातार कार्यवाही की जा रही ही बल्कि गहन तकनीकि विश्लेषण करते हुऐ सायबर अपराधियो द्वारा अपराधो को अंजाम देने में प्रयोग में लाये जाने वाले तरीको का पता लगाया जाकर उन पर नियंत्रण करते हुए कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है ।

राज्य सायबर सेल जोन इंदौर म.प्र. में अप क्रमांक 92/2025 धारा 318(4),3(5) भारतीय न्याय संहिता 66डी आईटी एक्ट की विवेचना की जा रही है जिसमें फरियादी शिवदत्त तिवारी पिता स्व. जी.पी. तिवारी नि. 334/ए महालक्ष्मी नगर इंदौर के द्वारा शिकायत की गई है कि उसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा शेयर मार्केट में इंवेस्ट कराने के लिये किसी व्हाटसप ग्रुप मे जोडा गया तथा स्वयं को JAINAM Broking Limited कम्पनी का अधिकारी बताये हुए शिकायत कर्ता को एक सर्टिफिकेट दिया गया जिसमें Practice body registration number: NSE:12169| BSE 2001|CDSL IN-DP-CDSL-223-2016| SEBI: INZ000198735 होना लेख है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता को उक्त कम्पनी के सेबी में रजिस्टर्ड होने का विश्वास दिलाया गया तथा उससे शेयर मार्केट में इंवेस्ट कराने के नाम पर कुल 52,15,682/- रुपये अलग अलग बैंक खातो मे जमा करवाकर धोखाधडी की गई है, उक्त शिकायत पर खाता धारको व संदेही मोबाइल नंबर धारको के विरुद्ध अपराध पंजीद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।

अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कर तत्काल वैधानिक कार्यवाही हेतू उप पुलिस अधीक्षक सायबर जोन -इन्दौर नरेन्द्र रघुवंशी द्वारा सायबर जोन इन्दौर के निरी सरिता सिंह एवं उनकी टीम को दिये गये अपराध की विवेचना में पाया कि आरोपी के IDFC फर्स्ट बैंक में धोखाधडी कुल 10,51,000/- रुपये स्थानांतरित कराये गये थे ।

अपराध की अग्रिम विवेचना में तकनीकि विश्लेषण किया गया । टीम द्वारा लगातार संदेही खाता धारको व संदेही मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त की जा रही थी । विवेचना के दौरान पाया कि फरियादी द्वारा जिन जिन बैंक खातो में रुपये जमा किये गये है, उनमे एक खाता जिला सीहोर (म.प्र.) निवासी श्री परमार मोटर्स एंड वर्कशाप के नाम पर होना पाया गया । जिसकी तलाश पतारसी हेतू टीम जिला सीहोर रवाना हुई । सीहोर निवासी खाता धारक देवेन्द्र कुमार पिता ज्ञानसिंह परमार को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपना खाता , एटीएम कार्ड,मेल आई डी, व खाते में रजिस्टर्ड मोबाइल नं. की सिम पैसो के लालच मे आकर अपने करीबी साथी राहूल मेवाडा व जितेन्द्र परमार नि आष्टा को देना तथा उक्त खाते में जितना ट्रांजेक्शन होगा उसका 1% उसे मिलने की बात होना बताया। आरोपी के पास से दो मोबाईल फोन, सिम कार्ड, फर्जी आधारकार्ड तथा पेनकार्ड भी मिले जिनमे अलग अलग आधार नं. व पेन नं. लिखे होना पाये गये, जिन्हे जप्त किया गया । जिन्हे विधिवत जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया । आरोपी देवेन्द्र के बताये मेमो के आधार पर प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपीगण के नाम – देवेन्द्र कुमार पिता ज्ञानसिंह परमार उम्र 31 साल नि बजरंग कालोनी इन्दौर नाका सीहोर

जितेन्द्र पिता बदरीलाल परमार उम्र 35 साल नि भौंरा तह आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.)

सराहनीय भूमिका- निरीक्षक सरिता सिंह, उपनिरीक्षक निकिता सिंह, आर. राकेश ,आर 29 गजेन्द्र सिंह , आर . मोहित , आर चालक दिनेश की सराहनीय भूमिका रही ।

सावधानियां-

1. किसी भी प्रकार के इंवेस्टमेंट कर अधिक पैसे कमाने का वादा करने वाले ग्रुप से सावधान रहे ।
2. पैसे कमाने का शार्टकट पड सकता है मंहगा ।
3. स्वयं के पहचान पत्र, खाते की जानकारी , एटीएम कार्ड, मेल आईडी , पासवर्ड आदि किसी को भी न दे ।
4. सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले शेयर मार्केट से संबंधित एप व लिंक की सत्यता की जांच कर लें ।
5. किसी भी लिंक से डाउनलोड होने वाले एप की सत्यता की जांच कर लें ।
6. यदि किसी भी प्रकार से फ्राडस्टर के जाल में फंस गए है तो उसकी शिकायत www. cybercrime.gov.in एवं हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दर्ज करावें ।

## देहात थाना पुलिस की गुंडे बदमाशों एवं अवैध मादक पदार्थ स्मैक गांजा जुआ सट्टा के विरुद्ध शानदार कार्रवाई





शिवपुरी मे देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव द्वारा गुंडा बदमाशो एवं शिवपुरी देहात थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थ स्मैक गांजा के विरुद्ध कार्रवाई, पर शानदार कार्यवाही की खबर, एक अच्छी खबर है जो क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह खबर बताती है कि पुलिस अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए तैयार है। , देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव ने क्षेत्र के गुंडा बदमाशों एवं शिवपुरी देहात थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थ स्मैक गांजा जुआ सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई, पर कार्यवाही की है। यह कार्यवाही न केवल अपराधियों को सबक सिखाएगी, बल्कि क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा की भावना भी पैदा करेगी। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में मदद करेगा। ... पुलिस की यह कार्यवाही सराहनीय है और इससे जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ेगा। यह उम्मीद है कि भविष्य में भी पुलिस इसी तरह सक्रियता से काम करती रहेगी और अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाएगी वह देहात थाना प्रभारी का कहना है की अपराधों को रोकने, अपराधियों को पकड़ने, और जनता की शिकायतों का समाधान करने में सक्रिय और कुशल हो। कार्रवाई में शामिल हो सकते हैं:

अपराधों की रोकथामः

थाना प्रभारी को अपराधों को रोकने के लिए गश्त, निगरानी, और अन्य निवारक उपाय करने चाहिए।

अपराधियों की गिरफ्तारीः उन्हें अपराधियों को पकड़ने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने में तत्पर रहना चाहिए।

जनता की शिकायतों का समाधानः उन्हें जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

कानून का पालनः उन्हें खुद भी कानून का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

पारदर्शिता और निष्पक्षताः उन्हें अपने काम में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए।

समय पर कार्रवाईः उन्हें हर मामले में समय पर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। थाना प्रभारी की अच्छी कार्रवाई से न केवल अपराध कम होंगे, बल्कि जनता का पुलिस पर विश्वास भी बढ़ेगा।

### इंदौर नगर निगम में एकीकृत डिजिटल पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु बैठक

# संपत्ति कर, जलकर व कचरा प्रबंधन की होगी एक ही आईडी- नागरिकों को मिलेगा आसान और पारदर्शी सेवा अनुभव

आदित्य शर्मा

8224951278

इंदौर। डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और नागरिक सुविधाओं को अधिक सरल व पारदर्शी बनाने की दिशा में इंदौर नगर निगम ने एक अहम पहल की है। नगर निगम के पोर्टल के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आज निगम मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की।बैठक में सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रभारी राजेश उदावत, महापौर परिषद सदस्य राकेश जैन, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, नरेन्द्रनाथ पांडे, अनिल बनवारियां सहित निगम के अधिकारीगण तथा पोर्टल निर्माण में संलग्न एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक के दौरान निगम पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं की समग्र जानकारी प्रस्तुत की गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि "डिजिटल इंदौर" की संकल्पना को साकार करने हेतु एकीकृत निगम पोर्टल एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे करदाता को घर बैठे विभिन्न सेवाएं सहज रूप से प्राप्त होंगी।

एकीकृत करदाता आईडी की व्यवस्थाः

बैठक में बताया गया कि निगम अब संपत्ति कर, जलकर व कचरा प्रबंधन शुल्क को एक ही करदाता आईडी से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। डिजिटल पते के समावेश से एकीकृत



पहचान प्रणाली (यूआईडी) विकसित की जाएगी, जिससे दोहराव और भ्रम की स्थिति समाप्त होगी। यह व्यवस्था संपदा पोर्टल से भी जोड़ी जाएगी।

भुगतान प्रणाली का सरलीकरणः

पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को कर भुगतान के लिए विविध डिजिटल विकल्प प्रदान किए जाएंगे, जैसे – यूपीआई, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि। साथ ही, एआरओ से लेकर कैशियर तक की जिम्मेदारियों को डिजिटल रूप से ट्रैक किया जा सकेगा।

जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन प्रक्रिया में नवाचारः

बैठक में विवाह पंजीकरण को नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार, यदि पति-पत्नी में से कोई एक इंदौर में निवासरत है और दूसरा बाहर, तो ऐसे मामलों में वीडियो कॉल के माध्यम से वर्चुअल उपस्थिति के आधार पर विवाह पंजीयन संभव हो सकेगा।

वार्ड स्तरीय मास्टर प्लान की डिजिटाइजेशनः

हर वार्ड के लिए पृथक मास्टर प्लान तैयार कर उसे निगम पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाएगा। यह प्रयास शहर के समग्र और पारदर्शी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। राजेश उदावत ने कहा"यह पोर्टल केवल राजस्व वसूली की प्रक्रिया को ही पारदर्शी नहीं बनाएगा, बल्कि सभी विभागों की सेवाओं को एकीकृत कर नागरिकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक स्थान पर उपलब्ध कराएगा। यह इंदौर को स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में अग्रणी बनाएगा।" महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर नगर निगम का यह कदम न केवल डिजिटल इंडिया की भावना को सशक्त करता है, बल्कि नागरिक सुविधाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में हमारा एक प्रयास है।

## शिवाजीराव कदम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (SKITM) को मध्यप्रदेश इंदौर में 23 जुलाई 2025 बुधवार अभियान पुलिस द्वारा संचालित जागररुता ओ 19 नशे से दरी है जरूरी " के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

सह संपादक दीपक वाड़ेकर




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर पुलिस मुख्यालय से डी एस एस पी पी ग्रामीण ग्रामीण श्ती उमाकांत चौधरी, सम्मानित अतिथि इंदौर पुलिस मुख्यालय एसीपी ट्रैफिक श्री नितिन दिक्षित, विशेष अतिथी थाना प्रभारी खुडेल श्री करणी सिंह शक्तावत तथा उप निरीक्षक कंपेल चौकी श्री सत्येंद्र सिंह सिसोदिया महाविद्यालय के ग्रुप एडवाइजर डॉ. पीयूष त्रिवेदी एवं निदेशक डॉ. संजय पुरकर उपस्थित रहे। श्री उमाकांत चौधरी ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया । श्री दीक्षित ने छात्रों के बीच नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाविद्यालय एवं उत्थान हेतु के द्वारा संचालित ग्रामीण विकास एवं पांच गाँव



गोद लेकर, उनके लिए किए गए जागरु कार्यों की सराहना की।

डॉ. पीयूष त्रिवेदी ने स्वागत भाषण दिया एवं प्रतिबंधित (नार्कोटिक) दवाइयों के उपयोग से होने वाले नशे संबंधित दुष्प्रभावो से छात्रों को अवगत करवाया। उपरोक्त कार्यक्रम माननीय डी जी पी भी कैलाशचंद मकवाना के तत्वावधान में संपन्न हुआ। डी जी पी श्री कैलाशचंद मकवाना कार्यक्रम कम में में वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे एवं उन्होंने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं इस जागरूकता अभिमान के समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को समझाया। एस आई कंपेल चौकी श्री सत्येंद्र सिंह सिसोदिया ने सभा में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का आभार एयर वाइस मार्शल श्री प्रवीण कुमार डीन स्टूडेंट वेलफेयर एस के आई टी एम ने माना।

# व्यक्ति की पहचान कपड़ों और गहनों से नही, उसके चरित्र और गुणों से करें- प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा.

### नरसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में आज गुणानुवाद सभा, कल महामांगलिक

इंदौर,। भक्ति में भावना प्रमुख होना चाहिए, साधन या प्रदर्शन नहीं। जहां बुद्धि का उपयोग करने लगते हैं, वहां भक्ति का लक्ष्य बदल जाता है। वर्तमान युग दर्शन का है, लेकिन प्रदर्शन का होता जा रहा है। भक्ति के मामले में बुद्धि का प्रयोग करना सबसे बड़ी भूल होगी। याद रखें कि व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों और गहनों से नहीं, उसके चरित्र और गुणों से करना चाहिए। हमारे गुण और चरित्र जितने अधिक श्रेष्ठ होंगे, समाज में उनकी उतनी अधिक प्रतिष्ठा और गरिमा होगी। विडंबना है कि बाजार के सबसे सड़े-गले फल, बंद हो चुके और खोटे सिक्के या रुपए भी मंदिर में ही चढ़ाए जाते हैं, यह सोचकर कि भगवान कहां देखने आएंगे। ऐसी भूल कभी मत करना, क्योंकि भगवान हर जगह हमारे कामों पर निगाह रखते हैं।

ये दिव्य और प्रेरक विचार हैं युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्नसागर म.सा. के, जो उन्होंने बुधवार को अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में उत्तराध्ययन सूत्र की विवेचना के दौरान व्यक्त किए। जैनाचार्य ने कहा कि ऐसे



लोगों से सावधान रहें, जो आपके कपड़ों, गहनों और अलंकारों को महत्व देकर आपसे रिश्ते बनाते हैं। आपका सच्चा हितैषी वही होगा, जो आपके गुणों को देखकर आपका मान-सम्मान करेगा। समाज में श्रेष्ठ व्यक्ति वही हो सकता है, जो सदगुणों का धनी हो। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, चातुर्मास संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा एवं दीपक सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की। लाभार्थी परिवार का बहुमान शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, मोनिश खूबाजी, ऋषभ कोचर द्वारा किया गया।

अपने आशीर्वचन में जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. ने कहा कि जिनशासन में अनेक ऐसे साधु और तपस्वी हुए हैं, जिन्होंने भूख-प्यास की चिंता भी नहीं की और मधुमक्खियों तथा अन्य जहरीले जानवरों के दंश को भी सहन किया, लेकिन अपनी तपस्या से डिगे नहीं। हमारी कितनी अलमारियां कपड़ों से भरी हुई हैं, जबकि पहनना केवल एक ही जोड़ है। संग्रह की प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई है कि हम अनुपयोगी कपड़े भी किसी जरूरतमंद को देने के बजाय संग्रह कर रहे हैं।

धर्मसभा में मुनिप्रवर उत्तमरत्न सागर म.सा. ने कहा कि सफल व्यक्ति की ऊंचाई तो सबको दिखती है, लेकिन उसके पैर के छाले किसी को नहीं दिखते। महावीर स्वामी यूं ही महावीर स्वामी नहीं बने, उन्होंने तप-तपस्या और साधना के दम पर स्वयं को महावीर बनाया। जन्म-जन्मांतर के पुण्योदय के बाद ही मोक्ष की यात्रा का मार्ग प्रशस्त हो पाता है। यही कारण है कि चातुर्मास के दौरान हमारे साधु साध्वी भगवंतों द्वारा तप और तपस्या पर ज्यादा जोर दिया जाता है। धर्मसभा में । गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर म.सा. ने भी संबोधित किया और चातुर्मास के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सिद्धि तप आराधना, आयम्बिल एवं अन्य उपवास आदि का क्रम पूरे उत्साह से चल रहा है। नवरत्न वाटिका पर प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से हो रहे हैं।

आज गुणानुवाद सभा, कल महामांगलिक- गुरूवार को धर्मसभा में जैनाचार्य आनंद सागर म.सा. की 151वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गुणानुवाद सभा सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। सभा में आने वाले साधकों के लिए सोने-चांदी के सिक्कों का लकी ड्रा भी रखा है। साधकों के लिए लड्डू की प्रभावना भी रहेगी। 25 जुलाई को नरसिंह वाटिका में सुबह 9 बजे महामांगलिक का अनूठा आयोजन होगा। इसकी जबर्दस्त तैयारियां की जा रही हैं। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं विधायक रमेश मेंदोला के संयोजन में पहली बार यह महामांगलिक अनुष्ठान होगा।

# कांग्रेस का निगम ज़ोन घेराव



भाजपा शासित इंदौर नगर निगम द्वारा हाल ही में संपत्ति कर और जल कर में बेतहाशा वृद्धि कर पहले से करों के बोझ में दबी जनता पर एक और कर वृद्धि लाद गई है । ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री के स्वयं प्रभार वाले इंदौर शहर की नगर निगम के द्वारा जनमानस को नियमित प्रताड़ित किया जा रहा है ।खराब सड़के, गड्डो से भरा शहर,जल जमाव,पीने का पानी ना मिलना, गंदा पानी आना,पूरा शहर महीनों सालों से खुदा हुआ है,निगम के गुंडागर्दी,आए दिन नए घोटाले-भ्रष्टाचार का सामने आना,आवारा कुत्तो का आतंक,जबरन उगाही,स्ट्रीट लाइट बंद होना, ट्रैफिक जाम ,अधिकारी-महापौर-भाजपा पार्षदों की लापरवाही से जनता पीड़ित है। इन सब अन्याय के विरोध में इंदौर शहर कांग्रेस कमिटी, कांग्रेस पार्षद दल और विधानसभा 1 के प्रभारी दीपू यादव व समस्त कांग्रेस जन द्वारा निगम के समस्त जोनों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया एक ही दिन एक समय पर सभी ज़ोन का घेराव किया गया। समस्त कांग्रेसजन ने इस जनविरोधी कर वृद्धि का विरोध किया गया

एवं समस्त पार्षद साथी,ज़ोन प्रभारी,वार्ड प्रत्याशी,ब्लॉक अध्यक्ष,वार्ड अध्यक्ष,वरिष्ठ नेतागण ,पदाधिकारीगण एवं समस्त कांग्रेसजन ।

इंदौर विधानसभा- 1

# मृत्यु के बाद डिजिटल संपवि का अधिकार-क्या होता है आपके मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल वालेट्स का?

**प्रवीण सौंनोटिया (अधिवक्ता)**

## 1.डिजिटल संपति की क्या होती है?

### डिजिटल सम्पति में निम्न प्रकार आते है

व्यक्तिगत डिजिटल संयत्तिः-ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो एल्बम, चैट हिस्ट्री, डिजिटल डायरी।

**वित्तीय(फाइनेंसियल) डिजिटल संपत्तिः**-क्रिप्टोकरेंसी (Bitcoin, Ethereum) डिजिटल वॉलेट (Paytm, PhonePe) ऑनलाइन बैंक खातेइत्यादि

### व्यावसायिक डिजिटल संयत्तिः

ई-कॉमर्स स्टोर (Amazon, Flipkart Seller Accounts), डोमेन नेम और वेबसाइटें,यूट्यूब चैनल (चैनल में प्रकाशित विज्ञाप आदि से पैसे आते हो)

डिजिटल सदस्यताएं और सेवाएंः- Netflix and Amazon Prime, Adobe, Canva इत्यादि

### डिजिटल लाइसेंस और अधिकारः

म्यूजिक, वीडियो या किसी भी प्रकार की रॉयल्टी इनमें से कई का सीधा आर्थिक मूल्य भी होता है और उत्तराधिकार में यह स्पष्ट करना आवश्यक होता है कि कौन किसका वारिस बनेगा।

2.मृत्यु के बाद डिजिटल संपत्ति का वारिसः चरणबद्ध प्रक्रिया किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद डिजिटल सम्पत्तिका निवारण इन मुख्य आधारों पर होता है

Step 1:उत्तराधिकार प्रमाणपत्र(वारिस प्रमाणपत्र)या सक्सेशन सर्टिफिकेट (Succession Certificate)

एक कानूनी दस्तावेज है जो किसी मृत व्यक्ति के कानूनी उत्तराधिकारियों को उनकी संपत्ति और देनदारियों पर अधिकार स्थापित करने में मदद करता है, खासकर तब जब मृतक ने कोई वसीयत नहीं छोड़ी हो. यहसर्टिफिकेट यह प्रमाणित करता है कि सर्टिफिकेट धारक मृतक का कानूनी उत्तराधिकारी है और उसे मृतक की चल संपत्ति (जैसे बैंक खाते, निवेश, आदि) का दावा करने का अधिकार देता है.

सक्सेशन सर्टिफिकेट की आवश्यकता कब होती हैः

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु बिना वसीयत छोड़े हो जाती है, तो उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को उसकी संपत्ति पर अधिकार प्राप्त करने के लिए सक्सेशन सर्टिफिकेट की आवश्यकता होती है.

यह सर्टिफिकेट मृतक के बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों, निवेशों और अन्य चल संपत्तियों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है.

यदि मृतक ने किसी को नॉमिनी नहीं बनाया है, तो उसके उत्तराधिकारियों को सक्सेशन सर्टिफिकेट की आवश्यकता होती है.

## Step 2

डिजिटल संपत्ति की सूची और दावे का पत्र वारिस को सारी डिजिटल संपत्ति की सूची बनानी चाहि—ऐसी स्थिति में महत्वपूर्ण डेटा की एक सूची टियर करे और उसे फिर देखे की कोसी जहैंरुी हे और कोंसी सूचि से बाहर करनी हें

## Step 3

संबंधित कंपनियों को सूचना देना- हर डिजिटल प्लेटफॉर्म (Google, Facebook, Twitter, Crypto Exchange) को मृत्यु की सूचना देनी होगी।

## Step 4

पहचान और अधिकार के दस्तावेज देना- कंपनियां अमूमन ये कागजात मांगेंगी—मृत्यु प्रमाणपत्र, वारिस की पहचान (Aadhar, Passport) क़ानूनी प्रमाण (Will Probate या Succession Certificate)

## Step 5

खाते का निपटान कंपनी की नीति के आधार पर—अकाउंटडिलीट की अनुरोध करना ईमेल या पोस्ट के माध्यम से

## Step 6

विवाद की स्थिति में न्यायालय में आवेदन- सिविल केस चलेगा और न्यायालय के आदेश करेगा वही सर्वमान्य होगा



### 3.प्रमुख प्लेटफॉर्स की नीतियां

**यहाँ कुछ बड़ी कंपनियों की नीतियों का विवरणः**

- Google (Gmail, Drive, YouTube) Inactive Account Manager फीचर है। आप पहले से तय कर सकते हैं कि कौन व्यक्ति इनसब खाते का प्रबंक बनेगा या फिर किसी एक का। मृत्यु के बाद, दस्तावेज को सुरक्षित रखा जाता है याडेटा को साझा किया जाता है या डिलीट कर दिया जाता है।
- Facebook Legacy Contact सेट करने की सुविधा। मृत्यु प्रमाणपत्र के बाद—अकाउंट को यादगार स्वरुप चालू भी रखा जा सकता है। अगर परिवार चाहे तो इसे स्थायी रूप से डिलीट भी करवा सकता है।
- Twitter वारिस मृत्यु प्रमाणपत्र देकर अकाउंट डिलीट करा सकते हैं।
- WhatsApp अगर व्हाट्सएप अकाउंट कुछ समय तक निष्क्रिय रहता है तो डेटा डिलीट हो जाता है।
- Apple iCloud वारिस प्रमाणपत्र मिलने के बाद डेटा ट्रांसफर किया जा सकता हैं
- Crypto Exchanges क्रिप्टोकरेंसी के मामले में Private Key जरूरी होती है। अगर यह वारिस को न दी गई हो, तो क्रिप्टोकरेंसी का पुनः प्राप्ति कठिन है।

4.कानूनी एवं नीति संबंधी चुनौतियाँ

भारत में इस क्षेत्र में कई चुनौतियाँ हैंः

(1) स्पष्ट अधिनियम की कमीः अभी डिजिटल संपत्ति का अलग कानून नहीं बना है। उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 ही लागू होता है।

(2) गोपनीयता बनाम उत्तराधिकार का संघर्षः यह संघर्ष अक्सर विवाद पैदा करता है।

(3) तकनीकी अवरोकनःगोपनीयता का अधिकारजो भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित है।

(4) अंतर्राष्ट्रीय कानून और सेवा की शर्तेंः कई कंपनियाँ विदेशों में पंजीकृत हैं और उनके निर्णय अंतर्राष्ट्रीय कानून या क़ानून द्वारा शासित होते हैं।

- इसलिए डिजिटल वसीयत और वसीयतनामा सबसे अच्छा समाधान है।

5.व्यावहारिक सुझाव और सावधानियां

अंत में कुछ बेहद जरूरी बातेंःअपने जीवनकाल में यह कदम उठाएंः

- डिजिटल रिकॉर्ड रखेंः सभी खातों, पासवर्ड और डिजिटल कुंजियों की सूची बनाएँ।
- LastPass, Dashlaneजैसे पासवर्ड मैनेजर का इस्तेमाल करें।
- डिजिटल वसीयत में निर्देश लिखें—किसे क्या देना है।
- अपनी क्रिप्टो प्राइवेट कुंजी सुरक्षित रखेंः किसी विश्वसनीय क्रिप्टो वॉलेट का विवरण दें।
- सोशल मीडिया पर एक लीगेसी संपर्क बनाएँः Google और Facebook सेटिंग्स अभी सेट करें।
- महत्वपूर्ण डेटा का बैकअप लें।

निष्कर्ष- आज के डिजिटल युग में, आपकी संपत्ति केवल आपके बैंक खातों तक ही सीमित नहीं है। आपके जीवन की यादें, व्यवसाय, निवेश - सब कुछ डिजिटल हो गया है। मृत्यु और मृत्यु का निर्णय पूरी ज़िम्मेदारी और दूरदर्शिता के साथ सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से किया जाएगा। अभी कदम उठाएँ— एक डिजिटल सूची तैयार करें और अपनी सभी संपत्तियों को नियंत्रण में रखें। यह आपके परिवार के लिए एक सुरक्षा कवच होगा।

# नदियों के उद्गम स्थल पर ही व्यापक चुनौतियाँ

## केवल दिखावे के लिए पौधारोपण ना करें मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में

रंजीत टाइम्स

**इंदौर। नदियों का उद्गम स्थल दुर्गम स्थान पर होता है। नदी चट्टानों जंगलों में अपने उद्गम से लेकर धरती को सींचने और लोगों की प्यास बुझाने के अपने प्रवाह में तमाम चुनौतियों का मुकाबला करती है। अब सबसे बड़ी चुनौती नदियों के उद्गम स्थल पर ही है। वीरान होते जंगल नदियों के सूखने का सबसे बड़ा कारण है।**

यह विचार मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के आयोजन 'रूबरू' में म.प्र. के पंचायत-ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नदियां पहले बारह मासी होती थीं। अब उजड़ते जंगलों के कारण उद्गम स्थल से उनका संघर्ष प्रारंभ हो जाता है इसलिए नदियों के संरक्षण के साथ जंगलों का संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर जल, वन, जमीन का संरक्षण, एक सतत पर्यावरणीय विकास की नींव है।

श्री पटेल ने कहा कि हमारा फोकस एरिया नदियों को कम से कम प्रदूषित करने के साथ सकारात्मक वृक्षारोपण करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी पौधों को बड़ा करने में बहुत मेहनत करते हैं इसलिए केवल दिखावे के लिए वृक्षारोपण कर पौधों का जीवन नष्ट ना करें, वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लेवें। उन्होंने बताया कि पंचायत-ग्रामीण विकास मंत्रालय जिनके पास जमीन है उन्हें विभिन्न फल एवं छायादार वृक्षों को लगाने के लिए सहायता तथा मार्गदर्शन देता है। तीन वर्ष आयु के लगाये पौधे आगामी 3-4 वर्ष में वृक्ष बनकर फल भी देने लगते हैं। श्री पटेल ने बताया कि नदियों से उनका सरोकार बचपन से रहा है। सार्वजनिक जीवन में आने के बाद भी वे नदियों के सानिध्य में रहते हैं। उन्होंने बताया कि गंगा संवर्धन अभियान में मध्य प्रदेश की नब्बे से अधिक नदियों के उद्गम स्थलों पर गए हैं। यह यात्रा निरंतर जारी है। श्री पटेल ने बताया कि हमारे आदिवासी भाई आज भी साल में कम से कम तीन बार नदी के उद्गम स्थल पर जाकर पूजन करके अपनी प्राचीन परंपराओं से जुड़े हुए हैं। प्रारंभ में श्री पटेल का स्वागत स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, पंकज क्षीरसागर, रवि चावला, आकाश चौकसे एवं गणेश चौधरी ने किया। रचना जौहरी, मीना राणा शाह एवं सोनाली यादव ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।





दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स